Starting Blocks

घर और बच्चों की देखभाल सेवाओं के बीच मजबूत कड़ियाँ बनाना

बच्चे, विशेषकर शिशु और छोटे बच्चे जो पहली बार शिक्षा और देखभाल में आ रहे हैं, तब बड़ा लाभ प्राप्त करते हैं जब घर तथा शिक्षा और देखभाल सेवाओं जैसे बच्चों की देखभाल और प्री-स्कूल में उनकी दिनचर्या और अनुभव एक जैसे और परस्पर सहयोगात्मक होते हैं.

समान दिनचर्या और व्यवहार से बच्चे की अलग होने की व्याकुलता कम होती है, जब वे यहाँ ढल रहे होते हैं. इससे उन्हें यह पूर्वानुमान करने में मदद मिलती है कि आगे क्या होने वाला है और वे ऐसा अनुभव कर उत्साहित होते हैं कि जैसे उनके चारों ओर जो कुछ हो रहा है उस पर उनका नियंत्रण है.

अपने बच्चे की शुरुआती शिक्षा और देखभाल में संगतता के लिए मैं किस प्रकार सहायक हो सकता/सकती हूँ?

- सेवा केंद्र में बच्चे के विभिन्न प्रकार के अनुभवों और दिनचर्या की कल्पना करें.
- विचार करें कि घर पर जो कुछ होता है, उससे उसकी दिनचर्या किस प्रकार अलग होगी और आप अपने बच्चे की सेवा केंद्र की दिनचर्या को समझने में किस प्रकार मदद कर सकते/सकती हैं. उदाहरण के लिए, यदि आपका बच्चा बढ़कर तैयार हो गया है, तो आप अपने बच्चे से कुर्सी पर बैठकर भोजन या अल्पाहार करने के बारे में बात कर सकते/सकती हैं या इसका अभ्यास कर सकते/सकती हैं.
- सेवाओं में लगे स्टाफ से अपने बच्चे की दिनचर्या के महत्वपूर्ण अनुभव से जुड़ी सूचनाएँ साझा करें - अपने बच्चे की ओरिएंटेशन मुलाकातों के समय इस बारे में बात करना और जानकारी बाँटना अच्छा रहता है.
- सेवाओं से संबंधित स्टाफ को किन्हीं ऐसे विशेष शब्दों, उक्तियों या संकेतों के बारे में बताएँ जिनका आप अपने बच्चे की दिनचर्या के दौरान घर पर उपयोग करते/करती हैं, जैसे कुछ विशिष्ट शब्द जिनका उपयोग आप उसे खिलाने या शौच कराने के दौरान करते/करती हों.

याद रखिये: सेवाओं के दौरान बच्चा समूह का एक हिस्सा होगा और हालाँकि स्टाफ उसकी व्यक्तिगत देख-रेख करेगा फिर भी वह घर की तरह नहीं होगा. सेवाओं में कार्यरत स्टाफ को मानकों और नियमों को पूरा करना चाहिए और इस बात पर विचार करना चाहिए कि किस प्रकार प्रत्येक गतिविधि, अनुभव और दिनचर्या पूरे समूह के साथ साथ बच्चे की व्यक्तिगत सकुशलता को प्रभावित करती है. साथ मिलकर काम करते हुए, आप बच्चे के लिए घर और सेवा केंद्र में उपयोगी दिनचर्या, अनुभवों और नीतियों की एक पूरी श्रृंखला को काम में ला सकते/सकती हैं.

किस तरह की दिनचर्या और अनुभवों को समरूपी होना चाहिए?

+ व्यवहार

समरूप व्यवहार-निर्देश की नीति बनाए रखने से स्पष्ट आशाओं का निर्माण होता है और बच्चों को अपनी सीमाएँ समझने में मदद मिलती है. यह महत्वपूर्ण है कि उचित व्यवहार का आदर्श-निरूपण परिवार और स्टाफ दोनों के द्वारा हो ताकि बच्चे के लिए स्वीकार्य व्यवहार के बारे में समरूप संदेश सुनिश्चित किया जा सके.

+ शयन और आराम

स्टाफ को घर पर आपके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सोने और आराम करने की दिनचर्या के बारे में बता देना सर्वोत्तम होता है, जैसे सुलाने का तरीका या आपके बच्चे के लिए कोई सुखदायक वस्तु, जैसे कंबल या कोई विशेष खिलौना. स्टाफ के साथ घर पर आराम करने और सोने के समय के लिए प्रयोग होने वाली दिनचर्या और अभ्यास के बारे में चर्चा करना महत्वपूर्ण होता है. सेवाओं को सर्वोत्तम व्यवहार और सुरक्षित नींद दिशानिर्देशों का अनुपालन करना चाहिए और बच्चों के लिए नींद और आराम के बारे में नीतियाँ और प्रक्रियाएँ निर्धारित होनी चाहिए.

+ धूप से सुरक्षा

अपने बच्चे को धूप के नुकसान से बचाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि 'स्लिप स्लॉप स्लैप' का संदेश उसे घर और सेवा केंद्र में जोर देकर समझाया जाए.

+ शौच प्रशिक्षण

घर और सेवाओं में मदद के लिए अपने शौच प्रशिक्षण की दिनचर्या और रणनीति को बाँटें, जैसे वे संकेत जिनसे आप बच्चे के शौच जाने की ज़रूरत को समझते/समझती हैं.

+ स्वच्छता

स्वच्छता संबंधी दिनचर्या को साझा करें, जैसे हाथ धोने का सही तरीका. क्रमवार प्रक्रिया के लिए www.startingblocks.gov.au वेबसाइट देखें.

आपके बच्चे की दिनचर्या और अनुभवों में समरूपता को प्रभावी संवाद किस प्रकार बढ़ावा देता है?

परिवारों, स्टाफ और बच्चों के बीच खुला संवाद घर और सेवाओं के बीच समरूपता बनाए रखने की कुंजी है. इससे साझेदारियों, कार्यक्रमों, अनुभवों और दिनचर्या के विकास के लिए एक मजबूत आधार मिलता है जो बच्चों और परिवार की आवश्यताओं को पूरा करता है.

यह भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने बच्चे के वर्तमान घर के अनुभवों और आपकी जानकारी में उसकी कोई ज़रूरत या कोई बात जो उसे प्रभावित कर रही हो, इसके बारे में सेवा को बताएँ. इससे स्टाफ को यह समझने में मदद मिलेगी कि सेवाओं के बाहर बच्चे के साथ क्या हो रहा है और सेवाओं के दौरान बच्चे के दैनिक अनुभवों और दिनचर्या के दौरान उसे फॉलोअप करने में मदद मिलेगी.

सेवाओं के दौरान स्टाफ के साथ कौन सी सूचनाएँ साझा करना लाभदायक होता है?

- आपके बच्चे का रुझान, पसंद-नापसंद, पसंदीदा खिलौने, सोने, खाने और शौच करने के तरीके और घर में आपके द्वारा प्रयोग होने वाले व्यवहार निर्देश
- आपके बच्चे के स्वास्थ्य और सकुशलता से जुड़े विषय, जैसे अगर वे सप्ताहांत में बीमार थे
- घर में होने वाली महत्वपूर्ण घटनाएँ, जैसे संबंधियों का आना या घर बदलना
- बच्चे में विकसित हो रही कोई नयी अभिरुचि या निपुणता
- कोई दुखद घटना जिसने बच्चे पर बड़ा असर डाला हो, जैसे: किसी पालतू जानवर की मृत्यु. स्टाफ आपकी साझेदारी में काम करना चाहेगा और आपके बच्चे के बारे में जानकारी नियमित रूप से आपके साथ साझा करेगा. इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि घर आने पर आपका बच्चा कुछ खास चीज़ें क्यों कर रहा है या खास प्रकार का व्यवहार क्यों दिखा रहा है और इससे आपको बच्चे से सेवाओं के दौरान उसके दिन और अनुभवों के बारे में बात करने में मदद मिलेगी.

स्टाफ के लिए आपके साथ कौन सी जानकारी बाँटना लाभकारी हो सकता है?

- अगर आपका बच्चा छोटा है तो सोने, भोजन/खाने और शौच करने संबंधी विवरण
- आपके बच्चे का दैनिक अनुभव, किसके साथ वह खेले, उसे क्या करके मजा आया और कोई अटपटी घटना जिससे वह प्रभावित हुआ हो, उदाहरण के लिए कोई विशेष क्रिया-कलाप यदि हुआ हो, जैसे फायरब्रिगेड का आना, या कोई ऐसी बात जिससे वह निराश हुआ हो, जैसे पसंदीदा खिलौना न ढूँढ पाना
- सेवाओं में मौजूद वयस्कों और दूसरे बच्चों के साथ आपके बच्चे के संबंध
- अपने बच्चे के शिक्षण, विकास और रुझान के बारे में फीडबैक
- कोई स्वास्थ्य संबंधी विषय या कोई दुर्घटना या चोट का विवरण